# दादा साहेब फाल्के पुरस्कार विजेता (Dadasaheb Phalke Award winner)

https://webstudycircle.com/

हाल ही में तमिल सुपरस्टार रजनीकांत को 2020 का दादा साहेब फाल्के पुरस्कार देने का ऐलान किया गया है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावेड़कर ने इसका एलान किया।

## दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के बारे में -

दादा साहेब फाल्के का पूरा नाम धुंडिराज गोविन्द फालके था। उनका जन्म 30 अप्रैल 1870 को महाराष्ट्र में नासिक के त्र्यंबकेश्वर कस्बे में हुआ था। फाल्के ने 1885 में मुंबई के सर जेजे स्कूल ऑफ आर्ट्स और 1890 में कलाकृति, इंजीनियरिंग, ड्राइंग, पेंटिंग और फोटोग्राफी की पढ़ाई गुजरात के वडोदरा से पूरी की थी।

फाल्के जर्मनी गए और वहां फिल्म बनाना सीखा। वहां ड्राफ्टमैन की नौकरी भी की, लेकिन मन नहीं लगा तो मुंबई लौट आए और प्रिंटिंग प्रेस शुरू की। मुंबई के अमेरिका - इंडिया थिएटर में उन्होंने विदेशी फिल्म 'लाइफ ऑफ क्राइस्ट' देखी। यह मूक फिल्म थी। इसे देखने के बाद उन्होंने फिल्म बनाने का फैसला किया।

दादा साहेब फाल्के ने पहली फिल्म राजा हरिश्चन्द्र बनाई, जो भारत की फुल लेंथ फीचर फिल्म थी। अप्रैल 1913 में रिलीज हुई यह एक मूक फिल्म थी। हरिश्चंद्र फिल्म के निर्माता, निर्देशक, लेखक, कैमरामैन वे खुद थे। लीड रोल खुद ने और हरिश्चंद्र के बेटे रोहिताश्व की भूमिका उनके बेटे भालचंद्र फाल्के ने निभाई थी।

➢ फाल्के ने 1932 में आखिरी मूक फिल्म 'सेतुबंधन' और आखरी बोलती फिल्म 'गंगावतरण' 1937 में बनाई थी। उन्होंने कुल 125 फिल्में बनाईं।

➢ 1969 में भारत सरकार ने उनके सम्मान में दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड घोषित किया। उस वर्ष राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार के लिए आयोजित 17 वें समारोह में पहली बार यह सम्मान अभिनेत्री देविका रानी को प्रदान किया गया। यह भारतीय फिल्म क्षेत्र का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है।

WEB STUDY CIRCLE

# दादा साहेब फाल्के पुरस्कार पाने वाले व्यक्तियों की सूची-

| वर्ष (समारोह) | व्यक्ति | फिल्म इंड्स्टी | कार्यक्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1969 (पहला) | देविका रानी रोरिक | हिन्दी | अभिनेत्री |
| 1970 (दूसरा) | वीरेन्द्रनाथ सरकार | बंगाली | निर्माता |
| 1971 (तीसरा) | पृथ्वीराज कपूर (मरणोपरान्त) | हिन्दी | अभिनेता |
| 1972 (चौथा) | पंकज मलिक | बंगाली, हिन्दी | संगीतकार |
| 1973 (पांचवा) | रूबी मेयर्स (सुलोचना) | हिन्दी | अभिनेत्री |
| 1974 (छठा) | बी. एन. रेड्डी | तेलगु | निर्देशक |
| 1975 (सातवां) | धीरेन्द्रनाथ गांगुली | बंगाली | अभिनेता, निर्देशक |
| 1976 (आठवां) | कानन देवी | बंगाली | अभिनेत्री |
| 1977 (नवां) | नितिन बोस | बंगाली, हिन्दी | छायाकार, निर्देशक, लेखक |
| 1978 (दसवां) | रायचन्द्र बोराल | बंगाली, हिन्दी | संगीतकार, निर्देशक |
| 1979 (11 वां) | सोहराब मोदी | हिन्दी | अभिनेता, निर्देशक, निर्माता |
| 1980 (12 वां) | पी. जयराज | हिन्दी, तेलगु | अभिनेता, निर्देशक |
| 1981 (13 वां) | नौशाद अली | हिन्दी | संगीतकार |
| 1982 (14 वां) | एल. वी. प्रसाद | तेलगु, तमिल, हिन्दी | अभिनेता, निर्माता, निर्देशक |
| 1983 (15 वां) | दुर्गा खोटे | हिन्दी, मराठी | अभिनेत्री |
| 1984 (16 वां) | सत्यजीत राय | बंगाली | निर्देशक |
| 1985 (17 वां) | वी. शान्ताराम | हिन्दी, मराठी | अभिनेता, निर्माता, निर्देशक |
| 1986 (18 वां) | बी. नाग रेड्डी | तेलगु | निर्माता |
| 1987 (19 वां) | राजकपूर | हिन्दी | अभिनेता, निर्देशक |
| 1988 (20 वां) | अशोक कुमार | हिन्दी | अभिनेता |
| 1989 (21 वां) | लता मंगेश्कर | हिन्दी, मराठी | पार्श्वगायिका |
| 1990 (22 वां) | आक्लिनेनि नागेश्वर राव | तेलगु | अभिनेता |
| 1991 (23 वां) | भालजी पेंढारकर | मराठी | निर्देशक, निर्माता, लेखक |
| 1992 (24 वां) | भूपेन हजारिका | आसामी | पार्श्वगायक |
| 1993 (25 वां) | मजरूह सुल्तानपुरी | हिन्दी | गीतकार |
| 1994 (26 वां) | दिलीप कुमार | हिन्दी | अभिनेता |
| 1995 (27 वां) | डॉ. राजकुमार | कन्नड़ | अभिनेता |

WEBSTUDYCIRCLE

| वर्ष (समारोह) | व्यक्ति | फिल्म इंड्स्टी | कार्यक्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1996 (28 वां) | शिवाजी गणेशन | तमिल | अभिनेता |
| 1997 (29 वां) | कवि प्रदीप | हिन्दी | गीतकार |
| 1998 (30 वां) | बी. आर. चोपड़ा | हिन्दी | निर्माता, निर्देशक |
| 1999 (31 वां) | ऋषकेश मुखर्जी | हिन्दी | निर्देशक |
| 2000 (32 वां) | आशा भोंसले | हिन्दी, मराठी | पार्श्वगायिका |
| 2001 (33 वां) | यश चोपड़ा | हिन्दी | निर्माता, निर्देशक |
| 2002 (34 वां) | देवानन्द | हिन्दी | अभिनेता, निर्माता, निर्देशक |
| 2003 (35 वां) | मृणाल सेन | बंगाली | निर्देशक |
| 2004 (36 वां) | अडूर गोपाल कृष्णन् | मलयाली | निर्देशक |
| 2005 (37 वां) | श्याम बेनेगल | हिन्दी | निर्देशक |
| 2006 (38 वां) | तपन सिन्हा | बंगाली, हिन्दी | निर्देशक |
| 2007 (39 वां) | मन्नाडे | बंगाली, हिन्दी | गायक |
| 2008 (40 वां) | वी. के. मूर्ति | हिन्दी | छायाकार |
| 2009 (41 वां) | डी. रामानायडू | तेलगु | निर्माता, निर्देशक |
| 2010 (42 वां) | के. बालाचन्दर | तमिल, तेलगु | निर्देशक |
| 2011 (43 वां) | सौमित्र चटर्जी | बंगाली | अभिनेता |
| 2012 (44 वां) | प्राण | हिन्दी | अभिनेता |
| 2013 (45 वां) | गुलजार (सम्पूरण सिंह कालरा) | हिन्दी | गीतकार |
| 2014 (46 वां) | शशि कपूर (वलवीर राज) | हिन्दी | अभिनेता |
| 2015 (47 वां) | मनोज कुमार | हिन्दी | अभिनेता |
| 2016 (48 वां) | कसिनाथुनी विश्वनाथ | तेलगु | निर्देशक |
| 2017 (49 वां) | विनोद खन्ना | हिन्दी | अभिनेता |
| 2018 (50 वां) | अमिताभ बच्चन | हिन्दी | अभिनेता |
| 2020 (51 वां) | रजनीकांत | तमिल, हिन्दी | अभिनेता |

WEB STUDY CIRCLE

# दादा साहेब फाल्के पुरस्कार पर आधारित महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ प्रश्न-

**Q1. दादा साहेब फाल्के अवार्ड की शुरुआत कब हुई ?**
(A) 1954
(B) 1957
**(C) 1969** ✓
(D) 1974

**Q2. दादा साहेब फाल्के अवार्ड किस क्षेत्र में दिया जाता है ?**
(A) लेखन के क्षेत्र में
(B) पत्रकारिता के क्षेत्र में
**(C) भारतीय सिनेमा के विकास में उत्कृष्ट योगदान** ✓
(D) संगीत के क्षेत्र में

**Q3. हाल ही में दादा साहेब फाल्के अवार्ड से किसे सम्मानित करने की घोषणा की गई है ?**
(A) अमिताभ बच्चन
**(B) रजनीकांत** ✓
(C) विनोद खन्ना
(D) ऋषि कपूर

**Q4. सबसे पहले दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया था ?**
(A) सुलोचना रूबी नायर
(B) राज कपूर
(C) पृथ्वीराज कपूर
**(D) देविका रानी रोरिक** ✓

**Q5. मरणोपरांत दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले व्यक्ति कौन थे ?**
**(A) पृथ्वीराज कपूर** ✓
(B) वीरेन्द्रनाथ सरकार
(C) बी. एन. रेड्डी
(D) राजकपूर

**Q6. अभी तक कुल कितने व्यक्तियों को दादा साहेब फाल्के अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है ?**
(A) 50
**(B) 51** ✓
(C) 52
(D) 53

WEB STUDY CIRCLE

**Q7. दादा साहेब फाल्के का जन्म कब हुआ था ?**

(A) 10 मार्च, 1872

**(B) 30 अप्रैल, 1870 ✓**

(C) 6 सितम्बर, 1877

(D) 15 दिसम्बर, 1869

**Q8. भारत की पहली मूक (Silent) फिल्म का नाम क्या है ?**

**(A) राजा हरिश्चंद्र ✓**

(B) आलमआरा

(C) माई डियर कुट्टी चातन

(D) झांसी की रानी

**Q9. भारत की पहली बोलती फिल्म का नाम क्या है ?**

(A) कलयुग

(B) अंधेर नगरी चोपट राजा

(C) राजा हरिश्चंद्र

**(D) आलमआरा ✓**

**Q10. दादा साहेब फाल्के पुरस्कार में कितनी राशि प्रदान की जाती है ?**

(A) 5 लाख

**(B) 10 लाख ✓**

(C) 15 लाख

(D) 20 लाख

Publication by:- www.webstudycircle.com

WEB STUDY CIRCLE

**To learn more and get free PDF Notes, visit- www.webstudycircle.com**